# मुख्यमंत्री ने किया केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री अन्न संगोष्ठी में उत्तराखंड पधारे केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बीजापुर अतिथि गृह में शिष्टाचार भेंट की और उनका उत्तराखंड प्रवास पर स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों के मध्य कृषि से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## मुख्यमंत्री से मिले एसएसबी महानिदेशक



**देहरादून**
मुख्यमंत्री अतिथि देवो भव की परिकल्पना को उत्तराखंड में पूरी तरह साकार कर रहे हैं। विशिष्टजनों से भेंट उनकी दिनचर्या में शामिल है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में महानिदेशक एस. एस.बी रश्मि शुक्ला ने शिष्टाचार भेंट की।

## मकान मालिकों से पुलिस ने वसूला जुर्माना

▶▶ किरायेदारों के सत्यापन कराने व सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई करने को आदेशित किया गया है



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश पुलिस के चलाए जा रहे किरायेदारों के सत्यापन अभियान के दौरान 319 सत्यापन कर सत्यापन ना कराने वाले 40 मकान मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इन सभी पर चार लाख का जुमार्ना किया गया।
ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि ऋषिकेश क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद देहरादून के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में किरायेदारों के सत्यापन कराने व सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई करने को आदेशित किया गया है। इसके अनुपालन में कोतवाली ऋषिकेश ने लक्कड़ घाट, चोपड़ा फार्म, बलजीत फार्म, खदरी, श्यामपुर मे किरायेदारों के सत्यापन की जांच के लिए अभियान चलाया गया। उक्त अभियान मे वरिष्ठ उपनिरीक्षक डीपी काला ऋषिकेश के नेतृत्व में 06 उपनिरीक्षक, 06 हेड कांस्टेबल, 21 कांस्टेबल, 05 महिला कॉन्स्टेबल की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। अभियान से पूर्व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश किरायेदारों का सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों पर पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत कुल किए गए सत्यापन-319,सत्यापन ना कराने पर कुल चालान 40,जिनसे चार लाख रुपये की वसूली भी की गई।

## विश्वकर्मा चौक के पास एक मकान में लगी भीषण आग

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी तहसील चौकी के समीप स्थित विश्वकर्मा चौक के पास आज सुबह करीब तीन बजे एक मकान आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। आग की लपटें आसमान छू रही थीं।
फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मशक्कत कर आग को बुझाना शुरू किया। मकान के स्वामी अर्जुन लाल ने फायर ब्रिगेड को बताया गया कि घर में दो गैस के सिलेंडर भी मौजूद है, जिनके फटने से बड़ा नुकसान हो सकता है।

## रोटरी ऋषिकेश सेंटर ने हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा ट्रस्ट को दीं 25 व्हीलचेयर

▶▶ विशिष्ट अतिथि रोहिल्ला ने कहा रोटरी क्लब राष्ट्रहित के साथ समाज सेवा में निस्वार्थ भाव से बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
रोटरी ऋषिकेश सेंटर ने एक कार्यक्रम में दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा समिति को 25 व्हीलचेयर समर्पित कीं।
लाला जातीराम सरस्वती शिशु मंदिर आदर्श ग्राम ऋषिकेश में हुए रोटरी ऋषिकेश सेंट्रल के अध्यक्ष विकास गर्ग की अध्यक्षता में व्हीलचेयर समर्पित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि विनय रोहिल्ला, हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के प्रबंधक सरदार दर्शन सिंह, विद्यालय के प्रबंधक दीपक तायल ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ सरस्वती वंदना से हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा जिस संस्था को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जा रही हैं, वह उस तपस्थली की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के काम आएंगी जो इस यात्रा में जाने के लिए यात्री पीड़ा महसूस करते थे। यह उनकी तपस्थली है जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं से छुटकारा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार भी दे रहे हैं, लेकिन आज चिंता की बात है कि कुछ विद्यालयों में 5 साल से संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनमें हमारे इतिहास को तोड़ मरोड़कर पढ़ाया जा रहा है। आज आवश्यकता है कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति को बचाने की, जिनमें आज भी संस्कार दिए जा रहे हैं। यह विद्यालय समाज के माध्यम से ही फल फूल रहे हैं।
कल्पना ने कहा कि मेरी सांसद निधि उत्तराखंड के समाज के कल्याण के लिए खर्च की जाए, यह मेरा संकल्प है।
विशिष्ट अतिथि विनय रोहिल्ला ने कहा रोटरी क्लब राष्ट्रहित के साथ समाज सेवा में निस्वार्थ भाव से बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है। जो समाज सबसे पीछे पायदान पर खड़े गरीबों के उत्थान के लिए कार्य में लगा है, कोई भी संस्था उसके व्यक्तित्व से नहीं उसके कार्यों से अपने शिखर पर पहुंचती है। जो आज व्हील चेयर हेमकुंड साहिब को उपलब्ध करवाई जा रही है, उनके के माध्यम से हजारों यात्री हेमकुंड साहिब की यात्रा कर सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### एडटेक प्लेटफॉर्म एम्बाईब ने उत्तराखंड सरकार के साथ हाथ मिलाया

**देहरादून। एम्बाईब** (इंडियाविजुअल लर्निंग लिमिटेड), भारत के प्रमुख एआई-पावर्ड लर्निंग प्लेटफॉर्म ने आज उत्तराखंड सरकार के साथ दो साल के साझेदारी की घोषणा की है ताकि सभी छात्रों को एआई-पावर्ड शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस सहयोग के माध्यम से, उत्तराखंड के 5,416 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों से 15 लाख से अधिक छात्रों और 35,000 से अधिक शिक्षकों को एम्बाईब के एनईपी-संबंधित, पर्सनलाइज्ड और एडेप्टिव टीचिंग, लर्निंग ऐप्स का एक्सेस प्रदान कर सशक्त बनाया जाएगा।
यह पहल एम्बाईब के पब्लिक सेक्टर लर्निंग इंटरवेंशन इनिशिएटिव का हिस्सा है, जो 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के दौरान 20 राज्यों में 4 करोड़ से अधिक भारतीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगी। इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर एम्बाईब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गौड़ और स्कूल शिक्षा महानिदेशक के साथ-साथ समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक के बीच हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर स्कूल शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी और समग्र शिक्षा, उत्तराखंड के राज्य परियोजना निदेशक ने हस्ताक्षर किए, जिसके साक्ष्य में समग्र शिक्षा के उप निदेशक जितेन्द्र सक्सेना, राज्य प्रशासनिक अधिकारी भगवती प्रसाद मंडोली और राज्य समन्वयक विजय चंद्र थपलियाल मौजूद थे। यह कदम देश के निचले स्तरों तक डिजिटल शिक्षा को ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा जैसी नीतियों से भी प्रेरित है।
उत्तराखंड के शैक्षणिक निदेशक और समग्र शिक्षा राज्य परियोजना निदेशक, बंशीधर तिवारी, ने साझेदारी के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि एम्बाईब के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी उत्तराखंड के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दशार्ती है, जहाँ हम सभी छात्रों को उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के प्रति प्रयासरत हैं।
एम्बाईब की संस्थापक और सीईओ, अदिति अवस्थी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एम्बाईब ने एक दशक लंबी जर्नी तय की है ताकि सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या सीखने की भाषा की सीमा को अनदेखा करते हुए हर बच्चे के लिए सही मायने में पर्सनलाइज्ड शिक्षा उपलब्ध करा सके।

### जी5 के शो फायरफ्लाइज: पार्थ और जुगनू ने सफलता की नई बुलंदियों को छुआ

**देहरादून।** एक बेहद लोकप्रिय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर मशहूर जी5 पर हाल ही में लॉन्च किये गये शो फायरफ्लाइजः पार्थ और जुगनू ने कामयाबी के झंडे गाड़ते हुए दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपना कब्जा जमा लिया है। उल्लेखनीय है कि 5 मई को प्रीमियर किया गया यह शो हर आयुवर्ग के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब रहा है। इस शो की खासियत है इसका साफ-सुथरा कंटेट और पारिवारिक दर्शकों के लिए बुनी गई इसकी रोचक कहानी जिसने बड़ी आसानी से आम लोगों को अपना मुरीद बना लिया है।
सीरीज का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक हेमंत गाबा ने किया है जबकि अनिमेश वर्मा इस सीरीज के शो रनर हैं। अमृत वालिया द्वारा प्रोड्युस की गई यह अनूठी सीरीज लाइव एक्शन और एनिमेशन का अद्भुत संगम है जिसके जरिए पौराणिक गाथाओं का सहारा लेकर भटके हुए किशोरों को मनोरंजक ढंग से एक खास तरह की सीख देने की कोशिश की गई है।
फायरफ्लाइजः पार्थ और जुगनू में निराश किशोर उम्र के पार्थ के मजेदार सफर को बड़े ही मनोरंजक ढंग से पेश किया गया है। जल्द ही पार्थ की दोस्ती जंगल में रहनेवाले जुगुनू से हो जाती है। फिर जल्द ही पार्थ को जुगनू की असलियत का पता चल जाता है और ऐसे में फिर दोनों मिलकर पौराणिक महत्ता से जुड़े एक पेड़ को बचाने के मिशन पर निकल पड़ते हैं।
इस शो में एक बेहद अहम किरदार निभानेवाली अभिनेत्री मधु शाह ने सीरीज की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि मैं फायरफ्लाइजः पार्थ और जुगनू की सफलता को लेकर बेहद खुश हूं। दर्शकों ने जिस तरह से दोस्ती का जश्न मनाती और बचपन की मासूमियत को दशार्ने वाली सीरीज के प्रति अपना प्यार जताया है, वो एकदम अविश्वनीय-सा है। मैं इस अद्भुत किस्म के शो का हिस्सा बनकर बेहद गौरवांन्वित महसूस कर रही हूं।

## युवक कांग्रेस ने आरटीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
युवक कांग्रेस ने उत्तराखंड परिवहन निगम के कार्यालय पर प्रदर्शन कर परिवहन संबंधी स्थानीय समस्याओं को लेकर परिवहन अधिकारी को 5 सूत्री मांग पत्र दिया।
मंगलवार को युवक कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव राणा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि चारों धामों की यात्रा प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें यात्रा पर जाने वाले वाहन स्वामियों को ग्रीन कार्ड परमिट फिटनेस की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन स्थानीय विभाग वाहन स्वामियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि देखने में आ रहा है कि बाहरी वाहनों को यह सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके कारण स्थानीय नागरिकों में विभाग के प्रति तीव्र रोष है।
युवक कांग्रेस ने स्थानीय नागरिकों को तत्काल ग्रीन कार्ड और परमिट की सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाएं। एयरपोर्ट पर पार्किंग का समय 2:30 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट करने, प्राइवेट गाड़ियों के भी ग्रीन कार्ड बनाने, सत्यनारायण मंदिर में जो चेक पोस्ट है उसे सुचारु रूप से चलाए जाने, अवैध रूप से संचालित हो रही बाहर के वाहनों पर रोक लगाने आदि समस्याओं की ज्ञापन के माध्यम से समाधान की मांग की गई है। युवक कांग्रेस ने मांगों पर गौर नहीं करने पर विभाग के विरुद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है।
प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष साक्षी तिवारी, सचिन रावत, रविंद्र सिंह बिष्ट, संजू चौहान ,हिमांशु जाटव, रवीश चौहान ,संदीप वर्मा ,मोहित मुखर्जी ,गणेश, विकास रवत अजय खरोला, अनमोल ,गौरव जोशी, मनदीप रावत सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## सोलानी पार्क के पास गंगनहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के सोलानी पार्क के पास गंगनहर से आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। आसपास से गुजर रहे लोगों ने शव को गंगनहर में बहते हुए देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंगनहर में बह रहे शव को गंगनहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

## स्वच्छता से ही डेंगू को रोका जा सकता है: अनिता

▶▶ -राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर महापौर की अगुवाई में चला स्वच्छता अभियान



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर नगर निगम महापौर अनिता ममगांई की अगुवाई में ग्रामीण क्षेत्र अमित ग्राम और गुमानीवाला में महा स्वच्छता अभियान चलाया गया।
मंगलवार को नगर निगम के अधिकारियों एवं सफाई अमले को साथ लेकर महापौर के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों की टीम वार्ड संख्या पैंतीस, छत्तीस के गल्ली मोहल्लों में उतरी और करीब तीन घंटे तक जोरदार तरीके से स्वच्छता अभियान चलाया।
इस मौके पर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए महापौर ने कहा कि घरों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता रखने से ही डेंगू के खतरे को टाला जा सकता है। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम के लिए लगातार चरणबद्ध श्रृंखला में अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा सीजन के चलते शहर में स्वच्छता में कहीं से भी कोई चूक ना होने पाएं, इसके लिए आप लगातार फील्ड में उतरकर मानिटरिंग करें।

## आईएससी इन्टर की परीक्षा में उत्तराखंड टापर कु. तिस्ता को किया सम्मानित



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री परशुराम महासभा सभा ने आईएससी इन्टर की परीक्षा में उत्तराखंड टापर कु. तिस्ता द्विवेदी को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया।
परशुराम सभा के अध्यक्ष संदीप शास्त्री ने शुभकामना देते हुए कहा कि सभी बच्चों को ऐसे छात्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए कु. तिस्ता ने अपने माता पिता के साथ ही उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही तिस्ता के माता पिता डा. हरिश द्विवेदी और माता गीतिका द्विवेदी को भी शुभकामना देते हैं।
सम्मानित करने वालों में अध्यक्ष संदीप शास्त्री प्यारेलाल जुगरान ,आरडी गौनीयाल, डीके मुदगल ,ओमप्रकाश शर्मा, अभिषेक शर्मा, सतीश दुबे, राजेश कन्डवाल, प्रमोद शर्मा, केके शर्मा आदि उपस्थिति थे।

## आत्मनिर्भर भारत का आज दिख रहा भाव, 204 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
रक्षा राज्य मंत्री ने मंगलवार को यहां रोजगार मेले में 204 युवाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं को लगातार नौकरी देने के साथ ही अब कृषि, योग, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर का भाव देखने को मिल रहा है।
आज घंटाघर स्थित पोस्टऑफिस परिसर में देश भर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने प्रदेश भर के जिलों से आये 27 युवाओं को नियुक्त पत्र वितरित किये।
इस मौके पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि ये युवा नए भारत के युवा हैं और ये आज यहां से कर्म ही स्लोगन के संकल्प को साथ लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष 2023 मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न पहले गरीबों का भोजन हुआ करता था, लेकिन अब यह अमीरों की थाली बन गई है। आज नौकरी देने के साथ कृषि और योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी हम गुलाबी के प्रतीकों को ढो रहे थे,लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर के भाव को जागृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से भी हम जल, थल, नभ में बहुत ताकतवर हुए हैं। भारत की ओर कोई आंख उठाकर नहीं देखेगा, जो देखेगा उसे परिणाम भुगतना पड़ेगा।
उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान का हाल बताने की जरूरत नहीं है। देश में विदेशी मुद्रा बढ़ रहा है। कई देशों में अनाज का गहरा संकट है। हम भुखमरी झेल रहे देशों में भी अनाज देने को समक्ष हैं। केंद्र सरकार एक साल तक बैठ कर देश को अनाज खिला सकती, इतना अन्न भंडार भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि ये है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का कमाल।
उन्होंने कहा कि मन की बात में 08 बार उत्तराखंड की बातें हुई हैं। प्रदेश के लोगों को जिन विषयों का नहीं पता होता है, उन पर प्रधानमंत्री मोदी चर्चा करते हैं। उत्तराखंड की माताएं, बहनें कृषि, स्वरोजगार सहित विभिन्न एनजीओ में बेहतर कार्य कर रही हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना जैसी महामारी में संगठित कर देश को मजबूत बनाया। आज भारत 10वीं से 5वीं आर्थिक शक्ति के रूप में दुनिया में पहचान बनाने में सफल रहा है। सरकार लगातार रोजगार देने का काम कर रही है।

## बेनीताल में एस्ट्रो कैंप और एस्ट्रो पार्टी का हो रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चमोली। उत्तराखंड** सरकार का चमोली जिला प्रशासन, स्टारस्केप्स के सहयोग से एक एस्ट्रो कैंप और बेनीताल एस्ट्रो पार्टी के दूसरे एडिशन की मेजबानी करने वाला है। एस्ट्रो पार्टी 19 से 21 मई तक आयोजित की जाएगी और इससे महीने भर चलने वाले एस्ट्रो कैंप की शुरूआत होगी।
यह ईवेंट स्टारगेजिंग, एस्ट्रो फोटोग्राफी, सौर अवलोकन, एस्ट्रोनॉमी तंबोला, रॉकेटरी मेकिंग, नक्षत्र दर्शन आदि जैसी गतिविधियों के साथ विजिटर्स को खगोल विज्ञान का पहले कभी नहीं प्राप्त अनुभव प्रदान करेगा। इसकी लोकेशन बेनीताल, समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। न्यूनतम मानवीय गतिविधियां और प्रकाश का कम प्रदूषण, इसे डार्क स्काई पार्क के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं। स्टारस्केप्स भारत की दिग्गज एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी है और इंटरनेशनल डार्क स्काई एडवोकेट नेटवर्क की सदस्य है।
स्टारस्केप्स सक्रिय रूप से भारत में डार्क स्काई लोकेशंस को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एस्ट्रो-टूरिज्म में रुचि बढ़ाई जा सके। एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देने के अलावा स्टारस्केप्स, प्रकाश प्रदूषण और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर काम कर रही है। साथ ही, पूरे भारत में डार्क स्काई नियमों को लागू करने की वकालत करती रही है।
इस आयोजन पर टिप्पणी करते हुए स्टारस्केप्स के फाउंडर रामाशीष रे ने कहा कि हम फिर से बेनीताल एस्ट्रो कैंप की मेजबानी के लिए चमोली जिला प्रशासन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

